## अध्याय 10. जूठन (दलितआत्मकथा)

### - : लेखक परिचय :-

→ लेखक- ओमप्रकाश वाल्मीकि
⇒ जन्म- 30 जून 1950
⇒ जन्म-स्थान- बरला, मुजफ्फरनगर, उत्तरप्रदेश
→ मृत्यु- 17 नवंबर 2013
→ मृत्यु स्थान- देहरादून
→ माता- मकुंदी देवी
→ पिता- छोटनलाल

### * शिक्षा

(1) शुरुआती पढ़ाई मास्टर सेवक राम मसीही के खुले स्कूल से अक्षरज्ञान की शुरुआत की। इस स्कूल में न तो कमरा था और न बैठने के लिए टाट-चटाई था।
(2) प्राइमरी शिक्षा इसके बाद बेसिक प्राइमरी स्कूल में दाखिला लिये।
(3) 12 वीं कक्षा 12 वीं की परीक्षा में फेल हो गए।
(4) कॉलेज परिवर्तन बरला कॉलेज छोड़कर डी.ए.वी. इंटर कॉलेज, देहरादून में दाखिला लिये।
(5) पढ़ाई में रुकावट कई वर्षों तक इनकी पढ़ाई बाधित रही।
(6) स्नातकोत्तर (एम.ए.) वर्ष 1992 में हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर से हिंदी विषय में एम.ए. किये।

### > वृत्ति / पेशा

[1] 12वीं कक्षा में ही ऑर्डिनेंस फैक्ट्री, देहरादून में अप्रेंटिस (प्रशिक्षु) की नौकरी कियें।
[2] इसके बाद में ऑर्डिनेंस फैक्ट्री, चौदा (चंद्रपुर, महाराष्ट्र) में ड्राफ्टमैन की नौकरी कियें।
[3] वर्तमान पद अब भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के उत्पादन विभाग के अधीन, ऑर्डिनेंस फैक्ट्री की ऑप्टो-इलेक्ट्रॉनिक्स फैक्टरी, देहरादून में अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं।

### > सम्मान (पुरस्कार)

[1] 1993 में डां अंबेदकर राष्ट्रीय पुरस्कार मिला।
[2] 1995 में परिवेश सम्मान मिला।
[3] 1996 में जयश्रि सम्मान मिला।
[4] 2000 में कथाक्रम सम्मान मिला।

### > कृत्तियाँ: -

[1] जूठन (आत्मकथा)
[2] सलाम, घुसपैठिए (कहानी संग्रह)
[3] सदियों का संताप, बस्स बहुत हो चुका, अब और नहीं (कविता संकलन)
[4] दलित साहित्य का सौंदर्यशास्त्र (आलोचना)

**Note -** इसके बाद ओमप्रकाश वाल्मीकि ने महाराष्ट्र में 'मेघदूत' नाम की नाट्य संस्था स्थापित किये।

### महत्वपूर्ण जानकारी

[1] 1. ओमप्रकाश वाल्मीकि दलित आंदोलन के एक महत्वपूर्ण दलित लेखक हैं।
2. वे दलित समाज के दुख, गुस्से और संघर्ष को भावनात्मक और रचनात्मक रूप में प्रस्तुत करते हैं।
3. उनकी आत्मकथा 'जूठन' ने कई पाठकों का ध्यान खींचा और लोगों को सोचने पर मजबूर किया।
4. जूठन पाठ में विद्यालय के हेडमास्टर का नाम कलीराम था।
5. महाराष्ट्र में मेघदूत नाम की नाट्य संस्था स्थापित की गई थी।
6. जूठन पाठ में भाभी का कथन है- इनसे ये न कराओ, भूखे रह लेंगे, इन्हें इस गन्दगी में न घसीटो।
7. जूठन पाठ में एक मरे हुए पशु की खाल 20-25 रुपये में बिकती है।
8. 'जूठन' दलित चेतना की रचना है।
9. 'जूठन' में सामाजिक विषमता का चित्रण हुआ है।
10. जूठन आत्मकथा में लेखक की माँ ब्रहमदेव तगा के घर काम करती थी।
11. सुरेन्द्र सिंह सुखदेव सिंह त्यागी का पोता था।
12. लेखक के पिता जी का कथन है- 'कौन-सा मास्टर मेरे लड़के से झाड़ू लगवाता है।
13. कली राम हेडमास्टर, सुखदेव सिंह त्यागी और माया जूठन शीर्षक पाठ की पात्र-पात्रा थे।
14. लेखक के बड़े भाई का नाम सुखवीर था।
15. लेखक के पिता जी विद्यालय में लेखक के हाथ से झाड़ू छीनकर दूर फेंक दिये थे।
16. लेखक के पिताजी उन्हें प्यार से मुंशीजी बुलाते थे।
17. स्कूल के हेडमास्टर का नाम कलीराम था।
18. लेखक को स्कूल में झाड़ लगाते हुए पिताजी देख लिये थे।


@All right reserved. No part of this work may be reproduce in any form, without permission in writing from the copyright holder.

पाठ का सारांश [2018, 2023]

'जूठन' ओम प्रकाश वाल्मीकि की आत्मकथा है, जिसमें लेखक अपने जीवन की सच्चाई और दुख भरे अनुभव बताए हैं।उनका परिवार बहुत गरीब था और छोटी जाति का होने के कारण उन्हें अपमान झेलना पड़ता था। उनकी माँ मेहनत-मजदूरी करती थी और दूसरों की जूठन खिलाकर परिवार का पेट भरती थी। समाज उन्हें नीचा समझता था। लेखक ने इस आत्मकथा में दिखाया है कि कैसे दलित लोग मेहनत करते हुए भी सम्मान से वंचित हैं।
अब लेखक पढ़-लिखकर आगे बढ़ गये है और वे चाहता है कि दलित लोग भी शिक्षा पाकर अपने जीवन में सुधार करें और बराबरी का हक पाएँ।

लघु उत्तरीय प्रश्न

1. क्या 'जूठन' शीर्षक सार्थक है? [2019]

उत्तर- 'जूठन' ओमप्रकाश वाल्मीकि की आत्मकथा है। लेखक को बचपन में दूसरों की जूठन खाकर पेट भरना पड़ता था। यह पाठ उनके जीवन की सच्चाई और जातिगत उत्पीड़न को दिखाता है। यही कारण है कि 'जूठन' शीर्षक बहुत सार्थक है।

2. घर पहुँचने पर लेखक ओमप्रकाश वाल्मीकि को देख उनकी माँ क्यों रो पड़ती हैं? [2023]

उत्तर- लेखक को अपने चाचा के साथ एक मरे हुए बैल की खाल उतारने के लिए भेजा गया था। किन्तु घर लौटते समय लेखक ओमप्रकाश वाल्मीकि गंदगी और खून से लथपथ था और बहुत थक गया था। उसे देखकर माँ दुखी होकर रो पड़ीं।

3. हेडमास्टर कलीराम ने बालक ओमप्रकाश को क्या आदेश दिया था? [2024]

उत्तर- हेडमास्टर कलीराम ने ओमप्रकाश को स्कूल के कमरे और मैदान की सफाई करने का आदेश दिया था, क्योंकि वह अछूत और नीच जाति का लड़का था।

4. किन बातों को सोचकर लेखक के भीतर काँटे से उगने लगते हैं?

उत्तर- लेखक को अपने बचपन की गरीबी याद आती है कि किस तरह उसका परिवार सफाई का काम करता था, गोबर और कूड़ा साफ करता था। उन्हें मेहनत के बदले थोड़ा अनाज मिलता था और जूठा खाना खाना पड़ता था। यही बातें सोचकर लेखक के मन में दर्द और चुभन होने लगती है।

5. सुरेन्द्र की बातों को सुनकर लेखक विचलित क्यों हो जाता है?

उत्तर - लेखक सुरेन्द्र की बातों को सुनकर इसलिए विचलित हो जाता है क्योंकि सुरेन्द्र के परिवार की जूठन पर ही उसका बचपन बीता था। उसे याद आया कि बचपन में उसके परिवार को वहाँ बहुत अपमान और दुख झेलने पड़े थे। जब सुरेन्द्र ने उसके घर के खाने की तारीफ की, तो लेखक को वही पुरानी अपमानजनक पल याद आ जाती है।

6. लेखक की भाभी क्या कहती हैं? उनके कथन का महत्व बताइए।

उत्तर- लेखक की भाभी कहती थी "इनसे यह काम मत कराओ, भूखे रह लेंगे, पर इन्हें इस गंदगी में मत घसीटो।" भाभी नहीं चाहती थी वे खाल उतारने जैसे गंदे काम करें। वह पढ़-लिखकर कुछ अच्छा बने। भाभी की इसी सोच और त्याग से लेखक का जीवन बदल गया।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

1. विद्यालय में लेखक के साथ कैसी घटनाएँ घटती हैं? 'जूठन' शीर्षक आत्मकथा के आधार पर लिखें।

उत्तर - विद्यालय में लेखक को छोटी जाति का होने के कारण प्रतिदिन अपमान सहना पड़ता था। उसे मैदान और बरामदे में झाड़ लगाना पड़ता था। हेडमास्टर की डाँट सहनी पड़ती थी। उसके साथ रोज बुरा व्यवहार किया जाता था। जिस कारण लेखक की आँखों से आँसू बहने लगते थे। उसे विद्यालय में बहुत अपमान और दुख सहना पड़ता था।

2. लेखक ओमप्रकाश वाल्मीकि समाज में क्या बदलाव लाना चाहते हैं?

उत्तर- लेखक समाज में बराबरी लाना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि ऊँच-नीच और जाति भेद खत्म हो। हर व्यक्ति को सम्मान और समान अवसर मिले। दलित लोग कितने दुख, अपमान और अन्याय झेलते हैं। लेखक चाहते हैं कि अब कोई भी ऐसा जीवन न जीए, जहाँ मेहनत के बाद भी सिर्फ "जूठन" खाने को मिले।


@All right reserved. No part of this work may be reproduce in any form, without permission in writing from the copyright holder.

3. 'जूठन' आत्मकथा का सारांश लिखें।

सप्रसंग व्याख्यात्मक प्रश्न

1. कितने क्रूर समाज में रह रहे हैं हम, जहाँ श्रम का कोई मोल नहीं ताकि निर्धनता को बकरार रखने का षड्यन्त्र ही था यह सब ।

उत्तर- प्रस्तुत पंक्ति ओमप्रकाश वाल्मीकि की आत्मकथा 'जूठन' से ली गई हैं। लेखक कहते हैं कि हमारा समाज बहुत क्रूर है, जहाँ मेहनत करने वालों को सम्मान नहीं मिलता। दलित लोग कठिन काम करते हैं, लेकिन उन्हें बहुत कम पैसे और बहुत गालियाँ मिलती हैं। समाज ने गरीबों को गरीब बनाए रखने की व्यवस्था बना रखी है। लेखक चाहते हैं कि इस अन्यायपूर्ण व्यवस्था को बदला जाए।

वस्तुनिष्ट प्रश्नः -

1. जूठन के हेडमास्टर का नाम क्या था? (BSEB, 2022)
(A) कलीराम (B) ख्यालीराम
(C) दालौराम (D) हुलासीराम

2. 'सदियों का संताप' शीर्षक कृति किसकी है?
(A) ओमप्रकाश वाल्मीकि (B) नामवर सिंह
(C) मलयज (D) उदय प्रकाश

3. ओमप्रकाश का जन्म कब हुआ था ? (BSEB, 2024)
(A) 1950 (B) 1952 (C) 1953 (D) 1954

4. महाराष्ट्र राष्ट्र में किस नाम की नाट्य संस्था स्थापित की गई ?
(A) बंगदूत (B) मेघदूत (C) पवनदूत (D) सुरदीप

5. ओमप्रकाश ने किस विषय में एम. ए. किया था ?
(A) अंग्रेजी (B) हिन्दी
(C) संस्कृत (D) इतिहास

6. इनसे ये न कराओ, भूखे रह लेंगे, इन्हें इस गन्दगी में न घसीटो। यह किसका कथन है?
(A) माँ का (B) भाभी का (C)भाई का (D) बहिन का

7. इनमें से ओमप्रकाश का कहानी संग्रह कौन-सा है ?
(A) आराम (B) सलाम (C) दुआ (D) पारस

8. उन दिनों एक मरे पशु की खाल कितने में बिकती थी ?
(A) 10-15 रुपये (B) 20-25 रुपये
(C) 25-30 रुपये (D) 30-40 रुपये

9. 'जूठन' क्या है ?अथवा, 'जूठन' शीर्षक पाठ हिन्दी साहित्य की कौन-सी विधा है ? (BSEB, 2012,18)
(A)रेखाचित्र (B)कहानी (C)शब्दचित्र (D) आत्मकथा

10.आत्मकथा विधा की रचना है-(BSEB,2017, 23)
(A) बातचीत (B) रोज (C) जूठन
(D) हँसते हुए मेरा अकेलापन

11.ओमप्रकाश बाल्मीकि की रचना है -
(A) रोज (B) तिरिछ
(C) जूठन (D) उसने कहा था

12.ओमप्रकाश ने किस नाट्यशाला की स्थापना की ?
(A) मेघदूत। (B) रंगशाला
(C) प्रेमचन्द मंच (D) इनमें से कोई नहीं

13. 'मेघदूत' नामक नाट्यशाला कहाँ स्थापित हुई ?
(A) उत्तर प्रदेश (B) बिहार (C)हरियाणा (D) महराष्ट्र

14.दलित साहित्य सौन्दर्यशास्त्र' के रचनाकार कौन हैं?
(A) प्रेमचन्द (B) सुदर्शन
(C) जगजीवन राम (D) ओमप्रकाश वाल्मीकि

15. 'जूठन' किस चेतना की रचना है? (BSEB, 2021)
(A) सांस्कृतिक चेतना (B) राजनीतिक चेतना
(C) धार्मिक चेतना (D) दलित चेतना

16. 'अब और नहीं' वाल्मीकि की किस विधा की रचना है ?
(A) कहानी (B) कविता (C) उपन्यास(D) निबन्ध

17. 'जूठन' में चित्रण हुआ है-
(A) राजनीतिक विडंबना का (B) सामाजिक विषमता का
(C) ऐतिहासिक चेतना का (D) शैक्षिक परिवेश का

18. आत्मकथा लेखक की माँ किसके यहाँ काम करती थी ?
(A) सोमदत्त तगा के घर (B) यज्ञदत्त तगा के घर
(C) ब्रह्मदेव तगा के घर (D) ज्ञानदेव तगा के घर

19. सुरेन्द्र सिंह किसका पोता था ?
(A) सुखदेव सिंह त्यागी (B) रामदेव त्यागी
(C) गणपति त्यागी (D) हरेराम त्यागी

20. 'कौन-सा मास्टर है वो, जो मेरे लड़के से झाडू लगवावे ?' यह किसका कथन है ?
(A) लेखक की माँ का (B) लेखक के चाचा का
(C) लेखक के पिताजी का (D) लेखक की बड़ी भाभी का

21. 'सलाम' कहानी-संग्रह के कहानीकार हैं-


@All right reserved. No part of this work may be reproduce in any form, without permission in writing from the copyright holder.

(A) जयशंकर प्रसाद (B) ओमप्रकाश वाल्मीकि
(C) कृष्णा सोबती (D) कमलेश्वर

22. ओमप्रकाश वाल्मीकि को 'डॉ. अम्बेडकर राष्ट्रीय पुरस्कार' कब प्राप्त हुआ ? (BSEB, 2022)
(A) 1995 ई. में (B) 1996 ई. में
(C) 1993 ई. में (D) 1994 ई. में

23. 'माया' किस शीर्षक पाठ की पात्रा है ? (BSEB, 2023)
(A) रोज (B) तिरिछ
(C) सिपाही की माँ (D) जूठन

24. निम्न में से दलित आत्मकथा शीर्षक पाठ कौन है ?(BSEB, 2023)
(A) तिरिछ (B) जूठन
(C) शिक्षा (D) रोज

25. कली राम हेडमास्टर किस पठित पाठ का पात्र है ? (BSEB, 2023)
(A) रोज (B) जूठन
(C) तिरिछ। (D) उसने कहा था

26. ओमप्रकाश वाल्मीकि का जन्म कहाँ हुआ था ? (BSEB, 2024)
(A) बरला, मुजफ्फरनगर (B) महुई, आजमगढ़
(C) सीतापुर, अनूपपुर (D) निहालपुर, इलाहाबाद

27. 'जूठन' शीर्षक आत्मकथा के लेखक के बड़े भाई का नाम क्या था ? (BSEB, 2024)
(A) सुखवीर (B) मनमीत
(C) गजोधर (D) कालीराम

28. 'जूठन' के रचनाकार हैं- (2024A,2017A)
(A) उदय प्रकाश (B) ओम प्रकाश वाल्मीकि
(C) रामधारी सिंह दिनकर (D) अज्ञेय

29. इनमें से कौन-सी रचना ओमप्रकाश वाल्मीकि की है?[2018A)
(A) रोज (B) सिपाही की माँ
(C) जूठन (D) शिक्षा

30. 1995 ई० में 'परिवेश सम्मान' किसे प्राप्त हुआ? [2022A]
(A) बालकृष्ण भट्ट को (B) चंद्रधर शर्मा गुलेरी को
(C) मोहन राकेश को (D) ओमप्रकाश वाल्मीकि को

31. 'जूठन' शीर्षक पाठ में, "किसने झाड़ू छीनकर दूर फेंक दी?" (2022A)
(A) लेखक के पिताजी ने (B) लेखक ने
(C) लेखक के भाई ने (D) लेखक की माँ ने

32. 'जूठन' शीर्षक पाठ हिन्दी साहित्य की कौन विधा है?[2023A 2017)
(A) शब्दचित्र (B) रेखाचित्र
(C) निबंध (D) आत्मकथा

33. निम्न में से दलित आत्मकथा शीर्षक पाठ कौन है?[2023A]
(A) तिरिछ (B) जूठन
(C) शिक्षा (D) रोज

34. कली राम हेडमास्टर किस पठित पाठ का पात्र है?[2023A]
(A) रोज (B) जूठन
(C) तिरिछ (D) उसने कहा था

35. लेखक ओमप्रकाश वाल्मीकि के पिताजी उन्हें प्यार से किस नाम से बुलाते थे? [2025A]
(A) दरोगाजी (B) मुंशीजी
(C) मुन्ना (D) छोटे

36. 'दलित साहित्य का सौन्दर्यशास्त्र' नामक आलोचना पुस्तक किसने लिखी है [2021A]
(A) ओम प्रकाश वाल्मीकि (B) मलयज
(C) दिनकर (D) नामवर सिंह

37. 'जूठन' क्या है? [2015A, 2018)
(A) रेखाचित्र (B) शब्द-चित्र
(C) कहानी (D) आत्म-कथा

38. ओम प्रकाश वाल्मीकि की रचना है- [2023, 2012A]
(A) रोज (B) तिरिछ
(C) जूठन। (D) उसने कहा था

39. 'जूठन' शीर्षक आत्मकथा में स्कूल के हेडमास्टर का क्या नाम है? (20224)
(A) कलीराम (B) सियाराम
(C) हरिराम। (D) हरेराम

40. ओमप्रकाश और सुखदेव सिंह त्यागी किस शीर्षक पाठ केपात्र हैं? (2023)
(A) जूठन (B) ओ सदानीरा
(C) तिरिछ। (D) सिपाही की माँ


@All right reserved. No part of this work may be reproduce in any form, without permission in writing from the copyright holder.